Statement

Station	Name of contractor
1. Barmankhi	Shri Sardip Yadava
2. Kasganj	Smt. Usha Agarwal
3. Mathura Cantt. (M.G.)	Shri A.N. Gupta
4. Bareilly city	Shri Shyam Prakesh Kapoor
5. Mankapur	Shri Ramkant Goswami
6. Babhnan	Shri Shivanand
7. Naugachia	Shri Navin Chand and Shri Pandit Ram Jeewan
8. Nanpara	Shri M.P. Bajpayee
9. Mailani Jn.	Shri-Dayanand Singh
10. Supaul	Shri Madan Prasad Gupta

There is no book stall at Begu Sarai, Burhwal and Nautanwa stations.

सतना-रीवा तथा गुना-इटावा रेल मार्गों का निर्माण

510. **श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सतना-रीवा और गुना-इटावा रेल मार्गों के निर्माण कार्य में अब तक क्या प्रगति हुई है,

(ख) इन दोनों रेल मार्गों के निर्माण हेतु कितनी भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है और कितनी रेल पटरी बिछाई जा चुकी है;

(ग) क्या इन दोनों रेल मार्गों के लिए जिन भू-स्वामियों की जमीन अर्जित की गयी है उन सभी को मुआवजा दे दिया गया है; और

(घ) इस प्रयोजन हेतु अर्जित जमीन का मुआवजा किस दर से दिया गया है?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (**श्री माधवराव सिंधिया**) : (क) और (ख) विवरण नीचे दिया गया है :—

क्रमांक	विवरण	सतना-रीवा लाइन	गुना-इटावा लाइन
1.	प्रगति	1%	5% (चरण-1)
2.	भूमि का अधिग्रहण (हैक्टेयर)	112	164
3.	बिछाये गये रेलपथ की लम्बाई	0	0

(ग) और (घ) सतना-रीवा लाइन पर, भूमि अधिग्रहण अधिकारी को अग्रिम निक्षेप कर दिया गया है जिन्हें अभी देय दरों का निर्धारण करने के पश्चात् भूमि मालिकों को अभी क्षतिपूर्ति का भुगतान करना है।

गुना-इटावा लाइन पर, अधिग्रहीत की गयी 164 हैक्टेयर भूमि के लिए प्रति हेक्टेयर 8000/-रुपये से 30,000/-रूपये की विभिन्न दरों पर भुगतान किया गया है।